नौ महीनों में 300 अरब डॉलर का निर्यात हुआ

नई दिल्ली | एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान देश का व्यापारिक निर्यात 400 अरब डॉलर पार कर जाने की संभावना है। अप्रैल और दिसंबर के बीच यह 300 डॉलर के करीब पहले ही पहुंच चुका है तथा दिसंबर में इसमें रिकार्ड बढ़ोत्तरी हुई है।

दिसंबर में कुल 37.29 अरब डॉलर का निर्यात हुआ है जो किसी एक महीने में अब तक रिकार्ड है। जबकि दिसंबर 2020 की तुलना में यह 37.55 फीसदी अधिक है। तब 27.22 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व देश को यह उपलब्धि हासिल हुई है तथा उन्होंने इसके लिए उत्पादकों, निर्यातकों तथा विदेशों में भारतीय दूतावासों के अधिकारियों को भी बधाई दी है।

गोयल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान अप्रैल से दिसंबर के बीच व्यापारिक निर्यात 299.74 अरब अमेरीकी डॉलर तक पहुच चुका है। पिछले साल की तुलना में इसमें 48.85 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है।